दिनांक–11.09.2024 समय–7.10 एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- मध्यप्रदेश राज्य कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन अगले पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किया जायेगा।
- सरकार ने निगम, मंडलों सहित अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक और सदस्यों के पूर्व में किए गए मनोनयन किये निरस्त।
- राज्य सूचना आयोग में हुईं मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां।

**और**

- लगातार बारिश से पूरा प्रदेश तरबतर, आज भी करीब 30 जिलों में मौसम विभाग ने दी भारी बारिश की चेतावनी।

### साँची समीक्षा

मध्यप्रदेश राज्य कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन अगले पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किया जायेगा। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विधि संगत कार्यवाही की जाएगी। यह निर्णय कल मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं सांची दुग्ध संघ के कार्यों के संबंध में समीक्षा के दौरान लिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के साथ भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद के अध्यक्ष मीनेश शाह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाकर किसानों और पुशपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय बोर्ड को दायित्व देने पर सहमति बनी है। आवश्यक हुआ तो इस कार्य के उद्देश्य से सहकारिता अधिनियम में आवश्यक संशोधन की कार्यवाही भी की जाएगी।

### स्मार्ट मीटर

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के अंतर्गत महू, खरगोन शहर पूर्ण स्मार्ट मीटर वाले नगर घोषित हो गए हैं। अब एक सप्ताह बाद झाबुआ एवं थांदला नगर भी पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत नगर बन जाएंगे। पश्चिम क्षेत्र कंपनी में अब तक सात लाख 40 हजार अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। वर्तमान में चौदह जिलों में स्मार्ट मीटर तेजी से लगाने का कार्य जारी है। कंपनी क्षेत्र में सबसे ज्यादा इंदौर शहर में करीब सवा तीन लाख स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। वहीं, झाबुआ में 13 हजार एवं थांदला में साढ़े 5 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। पश्चिम क्षेत्र के अन्य 25 नगरीय निकायों में भी तेजी से स्मार्ट मीटरीकरण कार्य जारी है।

### पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ

भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य भोपाल जिले के स्पर्श और पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों की पहचान करना और उनका समाधान करना था। कार्यक्रम का आयोजन 3 ईएमई सेंटर, बैरागढ़ द्वारा मुख्यालय पश्चिम मध्य प्रदेश उप क्षेत्र के तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान एलएओ टीम द्वारा पेंशन भोगियों की शिकायतों की मौके पर ही पहचान की गई और उनका स्पष्टीकरण किया गया। कार्यक्रम में 45 भूतपूर्व सैनिक और 03 अन्य सैनिक शामिल हुए। पश्चिम एमपी सब एरिया के कार्यवाहक जीओसी और 3 ईएमई सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट ने भी भूतपूर्व सैनिकों और उनके रिश्तेदारों से बातचीत की।

### निगम मंडल निरस्त

सामान्य प्रशासन विभाग ने एक आदेश जारी कर निगम, मंडलों, समितियों, परिषदों, प्राधिकरणों एवं अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक, सदस्यों के पूर्व में किए गए मनोनयन को निरस्त कर दिया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन उपक्रमों के अध्यक्ष का कार्यभार विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव के पास है, उसे अब विभागीय मंत्री को सौंपा जाना है। हालाँकि ऐसे उपक्रम जिनमें अध्यक्ष की नियुक्ति या मनोनयन की कोई विशेष व्यवस्था है, वहाँ अध्यक्ष का प्रभार नियमानुसार उसी प्राधिकारी के पास रहेगा।

## शतरंज –ओलिंपियाड

45वां फिडे शतरंज ओलंपियाड आज से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में शुरू होगा। इसमें एक हजार आठ सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत को अमरीका के बाद दूसरी वरीयता दी गई है। पिछले संस्करण में भारत ने ओपन और महिला, दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीते थे।

## हॉकी

चीन के हुलुनबुइर में एशियाई हॉकी चैम्पियनशिप में आज मौजूदा चैंपियन भारत अपने तीसरे मैच में पिछले उपविजेता मलेशिया से खेलेगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3–0 से और जापान को 5–1 से हराया था। भारत छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## चौहान–ग्रामीण विकास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 15 तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को 2 हजार 745 करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी है कि इस अवसर पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे। श्री चौहान ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की बैठक की जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार अगले 5 वर्षों में गरीब वर्ग के लिए दो करोड़ अतिरिक्त घर बनाएगी।

## पैरालंपिक पुरस्कार

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। दिल्ली में पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कल खेल मंत्री ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक जीतने वालों को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को साढे बाइस लाख रुपये मिलेंगे।

## मौसम

लगातार बारिश से पूरा प्रदेश तरबतर है। मौसम विभाग ने आज विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, गुना और अशोकनगर में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीँ, अगले 24 घंटे में 21 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर में भी तेज पानी गिरने का अनुमान है। कल भी भोपाल, इंदौर, सिवनी, बालाघाट समेत 21 जिलों में तेज बारिश हुई। बालाघाट, मंडला–सिवनी जिलों में लोग बाढ़ में फंस गए। कटनी जिले में भी कई नदी नाले एक बार फिर उफान पर आ गए हैं । वहीँ, पन्ना जिले के शाहनगर स्थित केन नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है।

## सूचना आयुक्त नियुक्तियां

राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में चयन समिति की कल बैठक हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी शामिल हुए। चयन समिति द्वारा मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए सेवानिवृत्त विशेष पुलिस महानिदेशक विजय यादव का चयन किया गया। वहीँ, शिक्षाविद् उमाशंकर पचौरी, समाजसेवी श्रीमती वंदना गांधी और सेवानिवृत्त जज ओमकार नाथ सूचना आयुक्तों के तौर पर चयनित किये गये।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के तीन नए मेडिकल कॉलेज नीमच, मंदसौर और सिवनी मेडिकल कॉलेज में अब सौ–सौ एमबीबीएस की सीटों पर दाखिले हो सकेंगे। राज्य सरकार की अपील पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 50–50 और सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है।
- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज रतलाम जिले के ग्राम राजाखेड़ी में 2 करोड़ 2 लाख की लागत से निर्मित विद्युत सब–स्टेशन का लोकार्पण करेंगे।

- सीएम राइज विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं जिला–स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकण्डरी स्तर के प्रशासकीय पद के लिये शासकीय शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित किये गये है। ऑनलाइन आवेदन विमर्श पोर्टल पर 17 सितम्बर तक किये जा सकेंगे।
- शासन के निर्देशानुसार अब प्रचलित माह का राशन उसी माह की 01 तारीख से माह की अंतिम तारीख तक वितरण किया जा सकेगा। डिंडोरी जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की सभी 383 दुकानों में राशन उपलब्ध है।
- राजगढ़ में आज से 13 सितम्बर तक आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल, यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से भूकंप रोधी संरचना निर्माण विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है ।
- झाबुआ में कल हुई एक बैठक के बाद गणेश विसर्जन का स्थान रंगपुरा अनास नदी से बदलकर मध्य प्रदेश मोटेल एमपीटी के समीप अनाज नदी कर दिया गया है।
- अशोकनगर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बर्रा के सरपंच पद का निर्वाचन आज सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक हो रहा है।
- पन्ना में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. आर्य की अध्यक्षता में जिला जेल में जेल निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आगरमालवा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पोषण थाल प्रदर्शन और एनीमिया जागरूकता जैसी गतिविधियां आयोजित की गई।
- इंदौर जिले की महिला पंचायत प्रतिनिधियों की जिला स्तरीय कार्यशाला 11 सितम्बर को जाल सभागृह में आयोजित होगी।
- छतरपुर जिले के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छात्रों को कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी दी।
- मुरैना जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में 136 आवेदन प्राप्त हुए.इनका समुचित समाधान करने का आश्वासन भी आवेदन कर्ताओं को दिया गया।